# कभी राम लगे | By Savita Sharma

नाम हज़ारो रूप अनेक
सबका मालिक साईं एक

मेरे शिरडी वाले साई जी की जग में लीला महान
कभी राम लगे कभी श्याम लगे कभी लागे शिव भगवान्
साईं की लीला महान, साई की शक्ति महान

कलयुग का अवतारी साई जग का पालनहारा है
पल में भरे भंडारे उसके जिसने नाम पुकारा है
परोपकारी साईं बाबा हैं बड़े दयावान
कभी राम लगे कभी श्याम लगे कभी लागे शिव भगवान्
साईं की लीला महान, साई की शक्ति महान

कोई कहता शिरडी वाला कोई कहता दुर्गा मैया
कोई कहता साईं रब लागे कोई कहता जग का रचैया
श्रद्धा सबुरी वाला साईं, दें सबको वरदान
कभी राम लगे कभी श्याम लगे कभी लागे शिव भगवान्
साईं की लीला महान, साई की शक्ति महान

तू भी मांग के देख ले मैंने जो माँगा सो पाया
हो गए मेरे वारे न्यारे जब से ध्यान लगाया है
जो भी आया साईं शरण में हुआ उसका कल्याण
कभी राम लगे कभी श्याम लगे कभी लागे शिव भगवान्
साईं की लीला महान, साई की शक्ति महान

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a5%87-by-savita-sharma/